तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 21 अगस्त 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 ट्रक मालिकों की हड़ताल हुई शुरू थम गए ट्रक और ट्रेलर के पहिए




## खबर संक्षेप

### बिना सर्वे नापी के लौटना पड़ा एसईसीएल दीपका के कर्मियों को

**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत हरदीबाजार में एसईसीएल दीपका प्रबंधन के द्वारा टीम गठित कर हरदीबाजार के कुछ मकानों का सर्वे नापी 20 अगस्त को गठित टीम आने वाले हैं जिसकी मौखिक सूचना ग्राम वासियों को मिला था जिसकी बैठक ग्राम पंचायत भवन में ग्राम वासियों के साथ आम सभा बैठक किया गया था। बैठक में चर्चा हुआ कि एसईसीएल दीपका प्रबंधक को ग्राम पंचायत हरदीबाजार के ग्रामीणों के द्वारा सर्वे, नापी से पहले त्रिपक्षी वार्ता एवं 17 सूत्रीय मांगों को पूरा करें जिसमें नौकरी बसाहट मौजा की राशि ऐसे अन्य मांगे थी जिसकी अभी तक पूरा नहीं हो पाया है।

इस संबंध में चर्चा हो रहा था इसी बीच हरदी बाजार के वार्ड क्रमांक 10 श्रवण रात्रे के घर का सर्वे एवं नापी के लिए एसईसीएल कर्मचारी, अधिकारी, पटवारी तहसीलदार सहित अन्य लोग मकान पहुंचे थे। जिसकी सूचना ग्राम वासियों को मिला सूचना मिलते ही सरपंच उप सरपंच पंच जनपद सदस्य सहित आम नागरिक वार्ड क्रमांक 10 पहुंचकर जमकर विरोध करने लगे। इस दौरान हरदीबाजार तहसीलदार एसके पैकरा भी मौजूद रहे। ग्रामवासी सहित ग्राम सरपंच लोकेश्वर कंवर के साथ मिलकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ग्राम वासियों का कहना है जब तक 17 सूत्री मांग पूरा नहीं होगी हरदीबाजार के एक इंच जमीन नहीं देंगे। साथ यह भी कहा गया है कि अगर जबरन एसईसीएल प्रबंधक हरदीबाजार के लोगों को गुमराह कर मकान का सर्वे नापी करता है और किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटती है तो इसकी पूर्ण जवाबदारी एसईसीएल दीपका प्रबंधन की होगी।

## मांगों को लेकर कार्यालय में दो घंटे तक किया प्रदर्शन

# मुख्य द्वार का घेराव कर रैली की शक्ल में जीएम कार्यालय में दाखिल हुए भूविस्थापित



धरना देते भूविस्थापित।




मेन गेट में प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित भूविस्थापितों ने जमीन अधिग्रहण के बदले लंबित रोजगार मुआवजा सहित 9 सूत्रीय मांगों को लेकर महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार का घेराव कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिससे कार्यालय में आवागमन बाधित हो गया। इसके बाद आक्रोशित भूविस्थापित रैली की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कार्यालय के भीतर दाखिल हो गए, जिससे महौल गरमा गया। प्रबंधन व भूविस्थापितों के बीच चर्चा में समाधान नहीं निकलने से भूविस्थापित लगभग 2 घंटे तक कार्यालय में ही डेरा डाले रहे। आखिरकार प्रबंधन द्वारा रोजगार प्रकरण को बिलासपुर मुख्यालय में संयुक्त बैठक कर निराकरण करने के लिखित आश्वासन के बाद भूविस्थापितों ने आंदोलन समाप्त कर दिया।

### खास बात

- लंबित रोजगार प्रकरणों के निराकरण के लिखित आश्वासन पर समाप्त हुआ आंदोलन

छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू विस्थापित रोजगार एकता संघ ने बरसों पुराने भूमि अधिग्रहण के बदले लंबित रोजगार प्रकरण,मुआवजा, पूर्व में अधिग्रहित जमीन वापसी, प्रभावित गांव के बेरोजगारों को खदान में काम देने, पुनर्वास गांव में बसे भू विस्थापितों को काबिज भूमि का पट्टा देने के साथ 9 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य गेट को बंद कर घेराव शुरू कर दिया, जिससे मुख्य गेट से कोई कर्मचारी आना जाना नहीं कर पाए। इसके बाद नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर कार्यालय के अंदर घुसे भूविस्थापित जिससे माहोल तनावपूर्ण हो गया बड़ी संख्या में पुलिस बल उपस्थित था उसके बाद एसईसीएल प्रबंधन ने वार्ता के लिए आंदोलनकारियों को बुलाया। वार्ता में समस्याओं का समाधान नहीं होने पर 2 घंटे तक कार्यालय के अंदर ही आंदोलनकारी ⏭ शेष पेज 3 पर

### सर्वे करने गई टीम का ग्रामीणों ने किया विरोध




एसईसीएल दीपका प्रबंधन द्वारा कोयला खदान का दायरा बढ़ाने की नीयत से मकान का सर्वे करने के लिए एक टीम हरदीबाजार भेजी गई थी, लेकिन ग्रामीणों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। फलस्वरुप सर्वे टीम को बैरंग वापस लौटना पड़ा। एसईसीएल दीपका परियोजना के विस्तार के लिए वार्ड क्रमांक 10 में निर्मित मकानों का सर्वे करने के लिए टीम के पहुंचने की भनक ग्रामीणों को पहले ही लग चुकी थी। यही वजह है कि ग्रामीणों ने सर्वे का विरोध करने के लिए पहले ही बैठक कर निर्णय ले लिया था कि जब तक हमारी 17 सूत्री मांगों को प्रबंधन मान नहीं लेता तब तक सर्वे नहीं करने दिया जाएगा। इसी बीच सर्वे टीम तहसीलदार पटवारी के साथ गांव पहुंची तो सरपंच उप सरपंच जनपद सदस्य और अन्य लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक 17 सूत्री मांग पूरी नहीं होगी हरदी बाजार की 1 इंच जमीन भी खदान के लिए नहीं दी जाएगी.बढ़ते विरोध को देखते हुए बिना सर्वे किये ही टीम को वापस लौटना पड़ा।

### सीएमडी कार्यालय में होगी बैठक

लगभग 4 घंटे तक घेराव प्रदर्शन के दौरान कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय में माहोल तनावपूर्ण रहा। भूविस्थापितों द्वारा बिना कोई ठोस निर्णय के आंदोलन समाप्त करने से मना करने के बाद अधिकारियों में हड़कंप मच गया। बिलासपुर मुख्यालय से वार्ता कर अधिकारियों ने सीएमडी कार्यालय में 10 दिनों में बैठक कर तत्काल रोजगार प्रकरणों के निराकरण का आश्वासन दिया, जिसके बाद हड़ताल समाप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि 31 अक्टूबर 2021 को लंबित प्रकरणों पर रोजगार देने की मांग को लेकर कुसमुंडा क्षेत्र में 12 घंटे खदान बंद करने के बाद एसईसीएल के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष दस से ज्यादा गांवों के किसान 1389 दिनों से अनिश्चित कालीन धरना पर बैठे हैं। इस आंदोलन के कारण ही 40 से अधिक पुराने रोजगार प्रकरणों में एसईसीएल को रोजगार देना पड़ा है।

# जिले में प्राचार्य के 84 पद हैं रिक्त पदोन्नति की कतार में 172 व्याख्याता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य के 84 पद रिक्त हैं, 172 व्याख्याता पदोन्नति के बाद प्राचार्य बनने की कतार में है। 32 व्याख्याता जिस स्कूल में अभी प्रभारी के पद पर पदस्थ हैं वे वहीं के प्राचार्य बनेंगे। बुधवार से शुरु हुई राज्य स्तरीय काउंसलिंग में पहले दिन जिले से 25 व्याख्याता शामिल हुए।

प्रदेश में हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य के 13 सौ पद रिक्त थे जिनके लिए लंबे समय तक शिक्षक संघों के द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन आंदोलन कर कानूनी लड़ाई भी लड़ी गई। न्यायालय के आदेश के बाद राज्य सरकार के काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरु की। प्रत्येक दिन 280 व्याख्याताओं की काउंसलिंग की जा रही है, कोरबा जिले में प्राचार्य के 84 पद रिक्त हैं और 172 वरिष्ठ व्याख्याता प्राचार्य की कतार में आये हैं जिन्हें पदोन्नति मिलने के बाद हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य बनेंगे। जिनकी वरिष्ठता सूची राज्य शासन से जारी हुई थी। 172 व्याख्याताओं में 32 व्याख्याता ऐसे हैं जिन्हें उनके स्कूल में ही एकल शिक्षकीय होने के कारण प्राचार्य पद पर पदस्थापना कर दी जाएगी। शेष व्याख्याताओं को काउंसलिंग में जिस जिले में पदस्थापना की जाएगी। उन्हें उन्हीं के जिले के स्कूलों में पदस्थापना देना होगा। 20 अगस्त से राज्य स्तर पर काउंसलिंग प्रक्रिया शुरु हुई है जो एक सप्ताह तक चलेगी। माह के अंत तक सभी स्कूलों में प्राचार्यों के रिक्त पदों पर पदस्थापना काम पूरा हो जाएगा।

### खास बातें

- व्याख्याता से प्राचार्य पद पर पदोन्नति की राज्य स्तरीय काउंसिलिंग शुरू
- 32 व्याख्याता अभी हैं स्कूल के प्रभारी वहीं के बनेंगे प्राचार्य
- पहले दिन जिले के काउंसिलिंग में शामिल हुए 25 व्याख्याता

### पदोन्नति के इंतजार में कई हो गए सेवानिवृत्त

वर्ष 2011 में प्राचार्य पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया होना था लेकिन तकनीकी कारणों से लटकी रही। लगभग 13 साल बाद पदोन्नति की प्रक्रिया शुरु हुई है। इस लंबी अवधी में कई ऐसे वरिष्ठ व्याख्याता पदोन्नति के इंतजार में सेवानिवृत्त हो गए। जिले में पदोन्नति के इंतजार में सेवानिवृत्त होने वाले ऐसे व्याख्याताओं की संख्या लगभग डेढ़ सौ है जो प्राचार्य पद से वंचित होने के बाद प्राचार्य पद के रुप में मिलने वाले वेतन का भी लाभ नहीं मिलेगा।

### 84 स्कूलों में होगी पदस्थापना

जिले में हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य के 84 पद रिक्त हैं लेकिन 172 व्याख्याता प्राचार्य बनेंगे। जिनकी काउंसलिंग बुधवार से राजधानी में शुरु हो गई है। इससे जिले के रिक्त प्राचार्यों के पद पर स्थायी प्राचार्यों की पदस्थापना हो जाएगी।

**-टीपी उपाध्याय,** जिला शिक्षा अधिकारी


RCP
INFRATECH PVT. LTD.
READY TO USE

VIP CITY
A City in The City

SHOPS & OFFICS में ₹01 से ₹03 लाख तक की DIRECT INCOME





BUNGALOWS में ₹05 से ₹10 लाख तक की DIRECT INCOME



PLOTS में REGISTRY EXPENSES में 50% तक की SAVING/INCOME

PLOTS में 05 भाग्यशाली ग्राहकों को ₹26 लाख तक की INCOME

Follow us on :
@VIPCITYRPR

CALL-812 000 8290

Member of : CREDAI CHHATTISGARH

RERA REGISTERED PROJECT :
(VIP VILLAS/SHOP) RERA NO. : PCGRERA130223001603
SECTOR-07 RERA NO.: PCGRERA050625001937
www.rera.cgstate.gov.in

A Project by
RCP Infratech Pvt. Ltd.
Saddu-Urkura Road, Ring Road No. 3, Raipur (C.G.),
Email : rcpinfratech.vip@gmail.com, Website : www.rcpinfra.co.in

Scan this QR code to find us Google Maps

फायनेंस उपलब्ध
SBI Central Bank of India kotak HDFC HOME LOANS

Follow us on : /vipcityrpr /vipcityrpr

* Terms & Conditions Apply




# हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम

**प्रथम पुरस्कार** — सोने की अंगूठी



भारती दुबे

**द्वितीय पुरस्कार** — मिक्सर ग्राइंडर



गुलापा बाई

**तृतीय पुरस्कार** — डिनर सेट



आशा दुबे

**चतुर्थ पुरस्कार** — इलेक्ट्रिक आयरन



नीतु रानी पाल

## विशेष पुरस्कार के विजेताओं के नाम



योगिता | मनोरमा कौशिक | प्रियंका पाण्डेय | नितु कुमारी | बर्षा मोहंती

## सांत्वना पुरस्कार के विजेताओं के नाम

### जांजगीर जिला



प्रीति स्वर्णकार | भारती नामदेव | प्रीति यादव | चन्द्रकला राव | रूचिका सोनी



डा. अलिजा खुटे | सरोजनी साहू | सृष्टि साहू | कामीनी सोनी | प्रांची तिवारी

### रायगढ़ जिला



हेमा साहू | रानू राय | सुनीता देवी अग्रवाल | प्रांची देवांगन | शिवानी गुप्ता



अर्चना अग्रवाल | शोभा ठाकुर | उर्मिला ठाकुर | शिप्रा चतुर्वेदी | नीलम विश्वकर्मा

### कोरबा जिला



बबीता साहू | रीतू जायसवाल | नेहा तिवारी | आरती सिंह राजपूत | प्रिया साहू | ओजस्वी सपहा | गीता यादव | शीतला साहू | खुशी अग्रवाल | रोशनी सूर्यवंशी

### सरगुजा जिला



सावित्री पाण्डेय | नीतू रेलवानी | सविता श्रीवास्तव | रंजू मेहता | राशी गुप्ता



ममता मिश्रा | मेहरून नीशा | नम्रता गोयल | संस्कृति श्रीवास्तव | पूनम यादव

### कोरिया जिला



कविता कुमार | सुमन भारती | नमीता बंसरिया | मीरा देवी | रीना कश्यप



जसीना खातुन | सुनीता देवी | प्रीति सिंह | नाजनीन खान | तसकीन खान

**पुरस्कार वितरण की सूचना अतिशीघ्र दी जाएगी पढ़ते रहिए हरिभूमि ...**

## खबर संक्षेप



### मानव सेवा मिशन ने बांधा मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट

**बालको।** मानव सेवा मिशन के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसके अंतर्गत बालको नगर के विभिन्न स्थानों में सड़क किनारे बैठे मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट बांधा जा रहा है। तीन चरणों में लगभग सौ से ज्यादा गायों को बेल्ट बांधा जा चुका है। बालको नगर के भीड़ भाड़ एवं दुर्घटना वाले क्षेत्रों में बैठने और विचरण करने वाले गायों को रेडियम बेल्ट लगाया जा रहा है। रेडियम बेल्ट लगाने का मुख्य उद्देश्य रात में गायों और वाहन चालकों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाना है। रात में सड़क पर गायों को पहचानना मुश्किल होता है जिससे सड़क दुर्घटना होने का खतरा बढ़ जाता है। रेडियम एक ऐसा पदार्थ है जो चमकता है। यह बेल्ट उच्च दृश्यता वाली अल्ट्रा रिफ्लेक्टिव सामग्री से बना होता है, रात में वाहनों की रौशनी से चमकता है जिससे वाहन चालक सतर्क हो जाते हैं। गायों के गले में रेडियम पट्टा या बेल्ट बांधने से यह चमकने लगता है और जिससे गायों को दूर से ही देखा जा सकता है। इस कार्य में मानव सेवा मिशन के केशव चन्द्रा,अमर पटेल, राजेश धीवर, दिनेश पृथ्वीकर, क्रांति सोनी, योगेश पटेल, अशोक पटेल, कमलेश बोहरपी, पीतम लाल सोमनकर, लिलेश्वर शर्मा एवं जीत बनर्जी उपस्थित रहे।

### दिव्यांगजनों के लिए पर्पल फेयर का आयोजन 23 को

**कोरबा।** दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण समिति, समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सी.आर.सी.), ठाकुरटोला राजनांदगांव द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से पर्पल फेयर का आयोजन 23 अगस्त को प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। यह आयोजन सीनियर क्लब सीएसईबी फुटबॉल मैदान में संपन्न होगा। मेले का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को अपने कौशल एवं प्रतिभा प्रदर्शित करने, कौशल विकास के अवसर प्राप्त करने तथा विभिन्न हितधारकों से जुड़ने का एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है, ताकि सामाजिक समावेशिता एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियाँ दिव्यांगजनों के लिए रोजगार मेला, सहायक उपकरणों का वितरण,सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी, दिव्यांग कला गैलरी, प्रतिभा प्रदर्शन हेतु खुला मंच, संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी, भोजन स्टॉल, सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम, आकर्षक पुरस्कार, अन्य कई गतिविधियां दिव्यांगों के लिए, दिव्यांगों द्वारा इस अवसर पर अनेक सामाजिक संगठन, शैक्षणिक संस्थान एवं हितधारक सम्मिलित होंगे।

### महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**कोरबा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती रेनु प्रकाश द्वारा बताया गया की रजत जयंती वर्ष अंतर्गत विभाग में संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाना है। इस हेतु आंगनबाड़ी स्तर पर खेल-खेल में पोषण, कुपोषण से निजात हेतु समुदाय आधारित कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन पंजीयन अभियान, वजन त्यौहार में समुदाय की भूमिका, जागृति शिविर आयोजन, बाल विवाह मुक्त छ.ग. अभियान, पाक्सो अधिनियम (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम), पोषण भी पढ़ाई भी अभियान, महतारी वंदन योजनान्तर्गत स्वास्थ्य परीक्षण, किशोरी सशक्तिकरण, साईबर सुरक्षा, स्वास्थ्य शिविर, स्कूलों में किशोरी बालिकाओं की सुरक्षा, महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण, जेन्डर एवं लैंगिक समानता, गैर संस्थागत देखरेख अंतर्गत स्पॉन्सरशीप, फॉस्टर केयर, दत्तक ग्रहण विनियम का प्रचार-प्रसार किया जाना है।

### एनटीपीसी प्रायोजित खिलाड़ी हर्षित ने जीता तीसरा सीनियर स्टेट बैडमिंटन खिताब



**कोरबा।** एनटीपीसी लिमिटेड को गर्व है कि एनटीपीसी कोरबा द्वारा प्रायोजित खिलाड़ी हर्षित ठाकुर ने एक बार फिर राज्य और कंपनी का नाम रोशन किया है। उन्होंने 10 से 14 अगस्त 2025 तक जगदलपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ सीनियर स्टेट बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया। यह जीत हर्षित का तीसरा सीनियर स्टेट चैम्पियनशिप खिताब है, जिससे उन्होंने एक बार फिर छत्तीसगढ़ में नंबर 1 रैंकिंग हासिल की। इस सफलता का श्रेय उन्होंने एनटीपीसी कोरबा के निरंतर सहयोग को दिया। मैं एनटीपीसी द्वारा पिछले कई वर्षों से दिए जा रहे वित्तीय सहयोग के लिए अत्यंत आभारी हूँ। मैं लगातार और मेहनत करूँगा तथा अपने राज्य और एनटीपीसी के लिए और अधिक गौरव लेकर आऊँगा। यह प्रतियोगिता आगामी योनेक्स सनराइज वेस्ट जोन इंटर स्टेट बैडमिंटन चैम्पियनशिप गोवा, सितम्बर 2025 के चयन के लिए आयोजित की गई थी। इसमें पश्चिमी क्षेत्र के 6 राज्यों से शीर्ष दो खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस जीत के साथ हर्षित ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने का गौरव हासिल किया है।

### पिछले तीन दिन से जारी है कार्य बहिष्कार हड़ताल

# पटवारी और आरआई ने ठप किए राजस्व विभाग के ऑनलाइन कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संसाधनों की मांग को लेकर पटवारियों और राजस्व निरीक्षकों ने ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार कर राजस्व विभाग के सभी वह कार्य ठप्प हो गए हैं जो ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत किए जा रहे थे। इस कार्य में नामांतरण से लेकर रिकार्ड दुरुस्तीकरण, फौती बटवारा व रजिस्ट्री जैसे कार्य शामिल हैं। बीते तीन दिन से दोनों कर्मचारी वर्गों द्वारा ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार

**खास बात**

- संसाधनों की मांग को लेकर दोनों कर्मछारी वर्ग ने किया ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार

कर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

बीते 14 अगस्त को राजस्व विभाग की प्रमुख कड़ी और मैदानी अमला पटवारियों द्वारा संसाधनों की मांग को लेकर ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार शुरु कर दिया गया है। इसी कड़ी में 18 अगस्त से राजस्व निरीक्षकों ने भी ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार कर दिया है। इन दोनों कर्मचारियों के द्वारा ऑनलाइन कार्य बहिष्कार से राजस्व विभाग के सभी तरह के ऑनलाइन कार्य पूरी तरह ठप्प हो गये हैं। केवल ऑफलाइन कार्य सीमांकन आदि यही किये जा रहे हैं। अन्य सभी कार्य जो ऑन प्रक्रिया में शामिल किए गए थे। वह बीते एक सप्ताह से ठप्प पड़े हैं। इनमें नामांतरण, रिकार्ड दुरुस्तीकरण, फौती बटवारा व रजिस्ट्री के साथ नाम सुधारकार्य, नक्शा काटने का काम यह सब बंद हो चुके हैं। अब तक इनको लेकर राज्य शासन की ओर से कोई पहल नहीं हुई है, इससे ऑनलाइन कार्य बहिष्कार के लंबे चलने की संभावना जतायी जा रही है। वर्तमान में पटवारी और राजस्व निरीक्षक केवल ऑफलाइन कार्य कर रहे हैं। उन आफ लाइन कार्य में जमीन सीमांकन से लेकर आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र के लिए प्रतिवेदन देना ही शामिल हैं।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए राजस्व निरीक्षक।

**गिरदावरी का डिजिटल सर्वे नहीं हुआ शुरु**

राज्य सरकार के द्वारा इस वर्ष से ऑफ लाइन तरीके से होने वाली गिरदावरी को बंद कर उसकी जगह गिरदावरी का डिजिटल सर्वे कराने का आदेश दिया था और इसके लिए प्रशिक्षण भी दिए गए। किंतु इस आदेश के बाद डिजिटल सर्वे गिरदावरी का शुरु नहीं हो सका है। डिजिटल सर्वे शुरु करने के पीछे सरकार का उद्देश्य यह था कि एक जगह घर बैठकर गिरदावरी करने वाले पटवारी अमले को डिजिटल सर्वे के लिए किसानों के हर खेत में जाना होगा लेकिन ऑनलाइन कार्य बहिष्कार के कारण गिरदावरी का डिजिटल सर्वे शुरु होने से पहले बंद हो गया।

**6 माह से नहीं मिला है वेतन**

किसान आईडी बनना हुआ बंद केंद्र सरकार के किसान आईडी कार्यक्रम भी इस ऑनलाइन कार्य से प्रभावित हुआ है। किसान आईडी बनाने के लिए राजस्व दस्तावेज प्रमुख रहते हैं और आरआई पटवारियों के बिना किसान आईडी नहीं बनाई जा सकती। बीते 14 अगस्त से किसान आईडी बनाने जैसे काम बंद पड़े हुए हैं। जबकि 30 अगस्त तक किसान आईडी पूरा करने का समय दिया गया है। अगर ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार लंबा चलता है तो 30 अगस्त की अवधी तक किसान आईडी का बनना मुश्किल हो जाएगा।

**ये है कर्मचारियों की मांग**

पटवारी और राजस्व निरीक्षकों की मांग संसाधन देने की है जिसमें लैपटॉप, इटरनेट खर्च, स्टेशनरी भत्ता, दफ्तर के लिए भवन के साथ सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्य के लिए समय निर्धारित करना प्रमुखता से शामिल हैं। इनके अलावा सरकारी कार्यों के लिए ही वाट्सीअप में आदेश देना जैसी मांगे शामिल हैं।

# दो युवकों को मिला चार चार वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नशीली दवा की बिक्री करते हुए पकड़े गए दो युवकों पर दोषसिद्ध होने पर उन्हें सश्रम कारावास और अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। विशेष लोक अभियोजक टीकम साव ने बताया कि 25 सितंबर 2021 को थाना कुसमुण्डा के सहायक उपनिरीक्षक रफीक खान को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोटर सायकल क्रमांक सीजी-12-बीए-7540 का चालक नशीला कैप्सूल मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 ए एस 7245 के चालक के पास विकास नगर कैंटीन के पास बिक्री कर रहा है।

उक्त सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 ए एस-7245 एवं स्प्लेण्डर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 सीए 7540 के चालक को उनके मोटर सायकल के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। पल्सर मोटर सायकल में चालक मोहन सिंह राजपूत उर्फ छोटू तथा स्प्लेण्डर मोटर सायकल चालक मनीष कौशिक था। मोहन सिंह की तलाशी में शर्ट के जेब में 4 स्ट्रीप एवं 2 स्ट्रीप अलग- अलग खुला हुआ कुल 6 स्ट्रीप में कुल 48 नग पाईवॉन स्पास कैप्सुल बरामद हुआ। आरोपी मनीष व मोहन के पास से ट्रामाडोल हाईड्रोक्लोराइड घटक युक्त पीवोन स्पॉस प्लस कैप्सुल 48 नग एवं 232 नग को बिना वैध अनुज्ञप्ति के विक्रय करने के प्रयोजन से अपने कब्जे में रखना पाया जाकर जप्त किया गया। जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 22 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था जिसकी सुनवाई विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) श्रीमती गरिमा शर्मा के न्यायालय में चल रही थी। मामले में दोषसिद्ध होने पर दोनों आरोपी मोहन सिंह राजपूत एवं मनीष कौशिक को 4-4 वर्ष के सश्रम कारावास व 50-50 हजार रुपए का अर्थदण्ड से दंडित किया है। राशि का भुगतान न करने पर 6-6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास से दण्डित किया गया है।

### शांति हीरो के सभी शोरुम में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**जमनीपाली।** शांति हीरो जैलगांव चौक और जमनीपाली एवं शांति हीरो कोसाबाड़ी में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महात्मा गांधी, सविंधान रचियता डॉ.भीमराव अंबेडकर एवं मां सरस्वती देवी के तैलचित्र पर माल्यापण किया गया, तत्पश्चात ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमंत कुमार एवं विशिष्ट अतिथि नितिन शर्मा ने शांति हीरो के समस्त कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए स्वतंत्रता दिवस पर्व मनाए जाने के विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

# मंत्री देवांगन का बढ़ा कद, दो नए विभाग की मिली अतिरिक्त जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन का भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कद बढ़ाते हुए आबकारी (वाणिज्य कर) और सार्वजनिक उपक्रम विभाग का भी अतिरिक्त दायित्व सौंपा है। इसके पहले ही श्री देवांगन के पास वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्रालय की जिम्मेदारी है। अब श्री देवांगन के पास 5 विभाग हो गए हैं, जिससे प्रदेश में उनका कद बढ़ा है।

वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में बीते 19 महीने में नई औदौगिक नीति लॉन्च की है। नए रिफ्रॉम के साथ सिंगल विंडो सिस्टम, 6 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, डाटा सेंटर, सेमीकन्डक्टर प्लांट सहित 1700 छोटे बड़े प्लांट स्थापित हो चुके हैं। मंत्री श्री देवांगन ने उद्योग विभाग में एक नई जान डाली, उद्योगपतियों के साथ नियमित तौर पर संवाद स्थापित कर सभी विसंगतियों को दुर किया। पिछली सरकार में उद्योगों के सब्सिडी के रुके 600 करोड़ से ज्यादा की राशि का भुगतान किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर पहली बार अस्पताल सेक्टर को उद्योग का दर्जा दिया गया। इतने सारे रिफार्म करने की वजह से आज विभाग की छवि प्रदेश के साथ साथ महानगरों में भी बहुत अच्छी बन गई है। इसी तरह श्रम विभाग में डीबीटी के माध्यम से 600 करोड़ से अधिक की राशि श्रमवीरों को वितरण की जा चुकी है। बंद पड़ी दाल भात केंद्र, निःशुल्क कोचिंग सहित कई बड़ी योजनाओं को पुनः प्रारम्भ किया गया। यही वजह है कि भाजपा संगठन व मुख्यमंत्री ने मंत्री श्री देवांगन को आबकारी (वाणिज्य कर) और सार्वजनिक उपक्रम विभाग की नई जिम्मेदारी भी सौंप दी है।



# विकास में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका : पद्मिनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर या देश के विकास में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। हम सभी को कृत संकल्पित होकर कार्य करना होगा तभी हमारा देश अग्रणी होगा। हमें स्वच्छता को अपनाना होगा तथा देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना है।

उक्त बातें श्रीमती पद्मिनी देवांगन अध्यक्ष नगर पंचायत छुरी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर माध्यमिक शाला कन्या छुरी में ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य कार्यक्रम के दौरान कही। इस अवसर पर छात्राओं ने रोचक और मनमोहक लोक नृत्यों की प्रस्तुति से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। चांदनी, कृतिका, गीतांजलि, कविता, श्रेया, अदिति, विधि, कशिश, प्रिंसि, अश्वनी, अर्पिता, सेजल, कनिका, पूजा, अनन्या, ज्योतिका, कृतिका, काजल, चंचल, वैभव लक्ष्मी, प्रतिमा, सिमरन आदि की प्रस्तुति सराहनीय रही। छात्राओं को इस अवसर पर पार्षद श्रीमती संगीता यादव द्वारा बूंदी सेव का वितरण किया गया, एनटीपीसी द्वारा उपलब्ध कराए गए कन्फेशनरी आइटम अतिथियों के द्वारा वितरित किया गया तथा कार्यक्रम के आखिरी में शाला प्रमुख के द्वारा सभी के लिए न्योता भोज में पूड़ी, खीर, छोले की सब्जी,पापड़ आदि की व्यवस्था कराई गई। इ स अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की स्वच्छता,व्यवस्था, बच्चों को शिक्षा के साथ दिए जाने वाले संस्कार की प्रशंसा की गई। उपरोक्त कार्यक्रम में श्रीमती पद्मिनी देवांगन अध्यक्ष नगर पंचायत छुरी, हीरा पंजवानी उपाध्यक्ष छुरी, श्रीमती संगीता यादव पार्षद, जगराम यादव, प्रीतम देवांगन, रमेश श्रीवास, श्याम साहू, श्रीमती श्रीवास पार्षद, श्री महंत सहित शाला प्रबंध समिति के सदस्य और अधिक संख्या में पालक उपस्थित रहे।



बच्चों को पुरस्कृत करती नगर पंचायत अध्यक्ष।

# एनएचएम कर्मियों ने खून से लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी संघ का 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान जिले के स्वास्थ्य कर्मियों ने सरकार का ध्यान खींचने के लिए एक अनूठा और प्रतीकात्मक कदम उठाया। उन्होंने अपनी मांगों को खून से लिखकर मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजा है।

जिले के एनएचएम कर्मचारी पिछले तीन दिनों से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इन मांगों में प्रमुख रूप से नियमितीकरण, वेतन विसंगतियों को दूर करना, संविदा कर्मचारियों को स्थायी कर्मचारियों के समान सुविधाएं देना और अन्य लंबित मुद्दों का समाधान शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार उनकी जायज मांगों को लगातार अनदेखा कर रही है, जिसके कारण उन्हें मजबूरन यह रास्ता अपनाना पड़ा है। प्रदर्शन कर रहे एक कर्मचारी ने बताया कि हमने कोरोना महामारी के दौरान अपनी जान की परवाह किए बिना काम किया। हमें उम्मीद थी कि सरकार हमारे योगदान को पहचानेगी और हमारी मांगों को पूरा करेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आज भी हमें कम वेतन और असुरक्षित भविष्य के साथ काम करना पड़ रहा है। हड़ताल के तीसरे दिन कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाते हुए अपने खून की बूंदों का उपयोग कर मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के नाम एक पत्र लिखा। इस हड़ताल के कारण जिले की स्वास्थ्य सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के उप-स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर शहरी स्वास्थ्य केंद्रों तक में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि नियमित स्टाफ की कमी के कारण कई जरूरी सेवाएं ठप हो गई हैं। कर्मचारी संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर कोई निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने उम्मीद जताई है कि खून से लिखे गए इस पत्र के बाद सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से ध्यान देगी और जल्द ही कोई समाधान निकालेगा।



मुख्यमंत्री के नाम लिखे पत्र के साथ एनएचएम स्वास्थ्य कर्मी।

# फोटोग्राफर्स ने विश्व फोटोग्राफी दिवस पर साझा की अपनी कला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर कोरबा के फोटोग्राफरों ने एक यादगार कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में शहर के कई फोटोग्राफरों ने अपने स्व विचारों से आज के नवीनतम फोटोग्राफी से संबंधित जानकारी प्रदान की और समाज और देश के लिए उसकी आवश्यकता के बारे में उल्लेख किया। कार्यक्रम में मदन मोहन साहू, लक्ष्मी राठौर, धनंजय जायसवाल, अशोक साहू, वासुदेव साहू, अमित अग्रवाल, दूजे कुमार, प्रकाश अग्रहरि, रोशन अग्रहरि, रवि साहू, जय किशन, समीर, मयंक नायक, नीरज मिश्रा, अजय घसिया और अन्य सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दी। इस अवसर पर सभी फोटोग्राफरों ने केक काटकर और रंगारंग कार्यक्रम में शामिल होकर इस विशेष दिन को यादगार बना दिया। साथ ही, सभी ने अपने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कोरबा फोटोग्राफर संघ के सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना योगदान दिया।

# तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मितानिनों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मितानिन स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को घंटाघर चौक से लगभग हजारों की संख्या में मितानिन आशा, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्थ फैसिलिटेटर, ब्लॉक समन्वक आदि कर्मचारियों के द्वारा रैली निकालकर कलेक्टर को अपने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इसके पूर्व छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाने वाले मितानिन आशा व संबंधित कर्मचारी विगत माह 29 जुलाई को एकदिवसीय प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन के द्वारा तूता रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपा जिसमें संगठन द्वारा उचित निराकरण हेतु 8 दिनों का पर्याप्त समय दिया गया। प्रदेश स्तरीय संगठन द्वारा 7 अगस्त लगातार 13 दिनों से अपने भविष्य को लेकर चिंतित सभी प्रभावित कर्मचारी गण क्रमशः संभाग स्तरीय धरना प्रदर्शन स्थल रायपुर में बारी-बारी से सम्मिलित हुए जिसके अंतर्गत जिला की सहभागिता रक्षाबंधन पर्व के दिन 9 अगस्त को रही साथ में उस दिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मितानों के माध्यम से प्रदेशभर से अपनी मांगों का ध्यानाकर्षण हेतु अंतर्देशीय पत्र कार्ड के माध्यम से चिट्ठी भेजी गई किंतु वर्तमान में कोई सार्थक पहल नहीं हो पाने के कारण पुनः अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर रैली प्रदर्शन कर जिला कलेक्ट्रेट में अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से उपस्थित कर्मचारियों को ज्ञापन सौंपा गया।





रैली निकालती मितानिन।

**पृष्ठ 1 का शेष**

### मुख्य द्वार का...

बैठ गए, जिसके बाद कुसमुंडा महाप्रबंधक ने 3 रोजगार में फाइल को बिलासपुर भेजने, रुके हुए फाइलों को एसडीएम कार्यालय भेजने की सहमति दी। साथ ही बिलासपुर में बैठक और रुके फाइल पर जल्द उचित कार्यवाही के लिए बिलासपुर मुख्यालय के साथ संयुक्त बैठक कर निराकरण करने का लिखित आश्वासन दिया, उसके बाद भूविस्थापितों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। किसान सभा ने ऐलान करते हुए कहा है कि भूविस्थापितों की समस्याओं पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर 10 दिन बाद कोल परिवहन को बार-बार बंद किया जाएगा। घेराव में प्रमुख रूप से सुनीला, राजेश्वरी कौशिक, बंधन बाई, तेरस, दीना नाथ, उमेश, पवन यादव, हरिहर, चंद्रशेखर, होरी, रघुनंदन, मुनीराम, डुमन, राजकुमार, गणेश, विजय कंवर, नरेंद्र, हेमलाल, नारायण, जितेन्द्र, उत्तम, फीरत, नंदकुमार, रविकांत, के लाल, अजय, हेमंत बंजारे, शंकर के साथ बड़ी संख्या में भूविस्थापित शामिल थे।

KRISHNA IVF
FERTILITY & IVF CENTRE
कृष्णा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर



नि:संतान दंपत्तियों के लिए
उम्मीद की नई किरण
प्रक्रिया शुल्क मात्र
70,000/-
उपलब्ध सुविधाएं :-
फर्टिलिटी जाँच, IUI, IVF, ICSI, PICSI, ब्लास्टोसिस्ट, हिस्ट्रोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी, डोनर सर्विसेज।
9752435827
कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मंगलम् विहार, कोसाबाड़ी कोरबा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### निगम के नेता प्रतिपक्ष ने अशोक वाटिका संचालन पर खड़े किए सवाल



**कोरबा।** निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने अशोक वाटिका के संचालन पर फिर से सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि अशोक वाटिका में मार्निंग वॉक एवं योगा केन्द्र का आम जन सुबह 5 बजे से 9 बजे तक निःशुल्क सुविधा का लाभ उठा सकते हैं, लेकिन शाम के समय वॉक एवं योगा करने वालों का क्या होगा। अशोक वाटिका के संचालन के लिए अर्बन पब्लिक सोसायटी के द्वारा ठेका कंपनी को सौंपा गया है, जिसने वाटिका में प्रवेश के लिए प्रवेश शुल्क एवं वाहन पार्किंग शुल्क लगाकर संचालन किया जा रहा है, जबकि निगम प्रशासन को चाहिए कि इस वाटिका में पूरे समय निःशुल्क आना जाना आमजनों का रहे, ऐसी व्यवस्था देनी चाहिए। जिसने भी ठेका लिया है क्या उसने पहले नहीं सोचा होगा इसका विरोध होगा तो क्या करना होगा सुबह 5 बजे से 9 बजे तक निःशुल्क सुविधा पहले से सोची समझी साजिश का हिस्सा रहा है।

### मसीही समाज ने किया धरना प्रदर्शन धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ का किया विरोध




**कोरबा।** जिले में मसीही समाज द्वारा अपने समाज के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई का विरोध किया जा रहा है। मसीही समाज ने धरना प्रदर्शन कर चर्च और पूजा घरों में की जाने वाली तोड़फोड़ व मारपीट का विरोध करते हुए राज्यपाल के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। घंटाघर से लेकर सुभाष चौक और वहां से लेकर कोसा बाड़ी तक बड़ी संख्या में पुलिस के अधिकारी कर्मचारी सुबह से ही तैनात कर दिए गए थे। चर्च पर हमला और प्रार्थना सभा का विरोध करने का विरोध किया गया मसीही समाज के लोगों ने बताया किस संविधान में हमें जो अधिकार दिए गए हैं उसके तहत ही हम पूजा आराधना भी करते हैं लेकिन धर्म परिवर्तन के नाम पर उनके साथ मारपीट की जा रही है। मसीही समाज के इस आंदोलन को अपना समर्थन देने भीम आर्मी के लोग भी सुभाष चौक पहुंचे इनके एक पदाधिकारी राजकुमार जांगड़े ने बताया कि भारतीय संविधान हमें जो आज़ादी देता है उसे छीनने की कोशिश की जा रही है।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्राम पंचायत दोंदरों को मिला भारत सरकार से सम्मान



**कोरबा।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा कोरबा जिले के ग्राम पंचायत दोंदरों को जलसंरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। नई दिल्ली में सम्मान प्राप्त करने के पश्चात जनपद पंचायत कोरबा सीईओ ने जनपद अध्यक्ष श्रीमती बीजमोती राठिया, जनपद सदस्य क्षेत्र क्र. 06 श्रीमती ललिता बलराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य कौशल प्रसाद पटेल, ग्राम पंचायत दोंदरो सरपंच बंधन सिंह कंवर व पूर्व सरपंच श्रीमति उदमबाई कंवर व दोंदरो उपसरपंच श्रीमती प्रमिला मनहरण पटेल सहित अन्य ने कलेक्टर अजीत वसंत से मुलाकात की और जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के उत्कृष्ट कार्य के लिए दिये गये प्रमाण पत्र के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर श्री वसंत ने सभी को बधाई देते हुए कार्यों की प्रशंसा की और शुभकामनाएं दी। जनपद सीईओ सुश्री कौशाम्बी गबेल ने बताया कि 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रत्येक विकासखण्ड से एक ग्राम पंचायत को जल संरक्षण के उत्कृष्ट कार्य के लिए चयन करने के लिए निर्देश प्राप्त हुआ था। जिसके परिपालन में ग्राम पंचायत दोंदरो का चयन किया गया। 13 अगस्त को ग्राम पंचायत दोंदरो सरपंच बंधन सिंह कंवर व पूर्व सरपंच श्रीमती उदमबाई कंवर जनपद पंचायत कोरबा से रायपुर के लिए रवाना हुए। वहीं रायपुर एयरपोर्ट से हवाई जहाज के माध्यम इन दोनों को भारत सरकार की सुविधा पर दिल्ली पहुंचे। यहां जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली से उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रमाण पत्र दिया गया।

## पहले दिन मानिकपुर व कुसमुंडा में शुरू हुआ हड़ताल

# ट्रक मालिकों की हड़ताल हुई शुरू थम गए ट्रक और ट्रेलर के पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति ने कामबंद हड़ताल शुरू कर दिया है। आंदोलन के पहले दिन मानिकपुर व कुसमुंडा में संघ के पदाधिकारियों ने मोर्चा संभाला। दोनों खदानों में हड़ताल की वजह से ट्रकों व ट्रेलरों के पहिए थमे रहे, जिससे कोल डिस्पैच व ओव्हर बर्डन का कार्य बाधित रहा। मांगे पूरी नहीं होने पर दूसरे दिन गुरूवार से सभी क्षेत्रों में हड़ताल किया जाएगा, जिसका व्यापक असर देखने को मिल सकता है।

**खास बात**

- आज से सभी खदान क्षेत्रों में थम जाएंगे ट्रक एवं ट्रेलर के पहिये





मानिकपुर व कुसमुण्डा खदान में प्रदर्शन करते हुए ट्रक व ट्रेलर मालिक संघ के सदस्य।

ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति के बैनर तले जिले के खदानों में संचालित होने वाले ट्रक ट्रेलर मालिकों ने 25 प्रतिशत भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। हड़ताल के पहले दिन मानिकपुर व कुसमुंडा खदान में ट्रकों व ट्रेलरों के पहिए थमे रहे। मानिकपुर व कुसमुंडा दोनों खदानों के फेस पर संघ के पदाधिकारियों ने मोर्चा संभाला। दिन भर संघ के पदाधिकारी धरना प्रदर्शन करते नजर आए। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि पहले दिन केवल दो खदानों में आंदोलन शुरू किया गया है। गुरूवार से सभी क्षेत्रों में हड़ताल होने से ट्रक व ट्रेलरों के पहिए थमे रहेंगे। उल्लेखनीय है कि ट्रक ट्रेलर मलिक सेवा समिति व कोल लिफ्टरों के बीच विगत दिनों भाड़ा वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर दीपका के सामुदायिक भवन में बैठक हुई थी, लेकिन बैठक बेनतीजा रही थी। जिसके बाद ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति संघ ने आंदोलन का शंखनाद किया था। ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा है कि यदि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया, तो हड़ताल अनिश्चितकालीन होगा और गुरूवार से लगभग 2 हजार ट्रकों के पहिये थमते ही कोयला परिवहन भी बुरी तरह से प्रभावित होगा।

यदि हड़ताल 2 से 3 दिनों तक खींचा तो निश्चित तौर पर ढाई से 3 हजार ट्रक और ट्रेलर के पहिये थम जाएंगे और ऐसे में काम पूरी तरह से प्रभावित होगा। हालांकि पूर्व में भी ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति ने अपनी मांगों को लेकर एक दिन का हड़ताल किया था, लेकिन बाद में कोल लिफ्टरों के द्वारा भाड़ा वृद्धि करने की बात पर सहमति बनी थी, जिसके बाद हड़ताल समाप्त कर दिया था लेकिन अब मामला बनता नहीं दिख रहा है। संघ ने साफ कह दिया है कि जब तक भाड़ा वृद्धि नहीं की जाएगी ट्रकों व ट्रेलरों के पहिए थमे रहेंगे।

**3 से 4 हजार ट्रक मालिक हैं पंजीकृत**

उल्लेखानीय है कि समिति में लगभग 3 से 4 हजार ट्रक मालिक पंजीकृत है और जिले में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 10 से 12 हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे है जैसे कि पाट्‌र्स दुकानदार, मैकेनिक, पेट्रोल पंप, वर्कशॉप, टायर आदि शामिल है। वर्ष 2023 से लगातार स्थानीय उद्योगों द्वारा कोयला परिवहन के लिए भाड़ा दरों में कटौती की जा रही है, जबकि दूसरी ओर वाहन संचालन से संबंधित सामान जैसे कि पाट्‌र्स, टायर, डीजल (एचएसडी) आदि की कीमतों में 15 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक की वृध्दि हुई है। इस स्थिति में हम ट्रक संचालन में भारी आर्थिक घाटा झेल रहे है। ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति ने कई बार उद्योगों से भाड़ा वृद्धि के लिए वार्ता करने का प्रयास किया, लेकिन कोई समारात्मक परिणाम नही मिला।

## ग्रामीण के घर में वन विभाग का छापा, 22 नग साल चिरान जब्त



जप्त चिरान व आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण द्वारा जंगल से बड़े पैमाने पर साल पेड़ों की कटाई कर उसे चिरान बनाकर उसे घर में संग्रहण कर रखा गया था और उसे खपाने की योजना बना रहा था लेकिन इस बीच वन विभाग के अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली तो वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीण के घर पर छापामारी की कार्यवाही की। जहां उसके कब्जे से 22 नग साल चिराग जप्त किया गया है। मामले में वन विभाग ने ग्रामीण के खिलाफ वन अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत को मुखबिर से सूचना मिली थी कि केंदई रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम सलाईघोट निवासी प्रदीप कुमार पिता सुखराम गोंड़ के द्वारा अवैध रूप से साल चिरान अपने घर पर छुपाकर रखा गया है। सूचना पर केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक कुमार दुबे ने अपनी टीम के साथ ग्राम सलाईघोट निवासी प्रदीप कुमार के घर पर छापेमारी की कार्यवाही की जहां उसके घर में छुपाकर रखे गए 22 लाख को जप्त किया गया है। पकड़े गए ग्रामीण के खिलाफ वन अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद किया गया है मामले में आरोपी की धरपकड़ करने में सुनील डिक्सेना, शारदा शर्मा, विकास सूर्यवंशी, सीमा सारथी, प्रीतम पुराईन, पंकज खैरवार, अशोक श्रीवास, रामप्रताप कुशवाहा, गंगाराम नेताम, प्रहलाद नेताम की मुख्य भूमिका रही।

### एक दिवसीय जिला स्तरीय मेगा शिविर का आयोजन 23 को

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय मेगा शिविर एवं विकासखंड स्तरीय आंकलन शिविर आयोजित करने की तिथि निर्धारित कर दी गई है। शिविर का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यकता निर्धारण के साथ यूनिक आईडी कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाना एवं सभी प्रकार के दिव्यांगता आधारित मूल्यांकन एवं परीक्षण किया जाना है। जिला स्तरीय मेगा शिविर का आयोजन 23 अगस्त को प्रातः 10 बजे शाम 4 बजे तक सीएसईबी सीनियर क्लब में किया जायेगा।

## चार अलग अलग स्थानों पर आबकारी का छापा, 74 लीटर महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आबकारी विभाग की टीम लगातार अवैध शराब के खिलाफ मुहीम चला रही है। बुधवार को 4 अलग अलग स्थानो में छापामारी की कार्यवाही कर कुल 74 लीटर महुआ शराब व 130 किलो महुआ लाहन जप्त किया गया है। मामले में आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर और सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को जिले में अलग अलग टीम गठित कर कार्यवाही की गई। इसी कड़ी में आबकारी वृत्त दीपका में आबकारी उपनिरीक्षक डॉ सुकांत पांडेय की टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम मूडाभांटा पोंडी थाना पाली में मनीष चौहान के मकान में दबिश दी गई जहाँ आरोपी के कब्जे से कुल 22 लीटर महुआ शराब बरामद की गई तो वहीं ग्राम पोंडी से लगे ग्राम मड़वामौहा में रंजित कुमार द्वारा महुआ शराब विक्रय की सूचना पर छद्मक्रेता द्वारा टेस्ट परचेज कराया गया पुष्टि होने पश्चात आरोपी के बाड़ी की तलाशी लेने पर कुल 27.2 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। आबकारी वृत्त कोरबा आंतरिक में आबकारी उपनिरीक्षक जया मेहर की टीम द्वारा ग्राम तिलाईडान्ड थाना बालको में सुरेश कुजूर से टेस्ट परचेज पश्चात उसके संज्ञान आधिपत्य बाड़ी की तलाशी लेने पर कुल 9.5 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। आबकारी वृत्त दर्री में आबकारी उपनिरीक्षक विनीता रानू भगत की टीम द्वारा ग्राम कटसीरा थाना हरदीबाज़ार में फुलबाई से टेस्ट परचेज पश्चात उसके संज्ञान आधिपत्य बाड़ी की तलाशी लेने पर कुल 15.250 लीटर महुआ शराब एवं 130 किलो महुआ लाहन बरामद की गई। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क,ख,च),34(2) 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**आरोपी के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त**

उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कनबेरी धनवार पारा में राजेन्द्र धनवार अपने पास अवैध कच्ची महुआ शराब रखकर ब्रिकी कर रहा है। जिसकी सूचना पर थाना उरगा पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर छापामार की कार्यवाही की गई जो अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखा मिला जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम दैहान पारा फरहदा राजेन्द्र कुमार धनवार उम्र 26 वर्ष पिता खोलबहरा धनवार बताया। जिसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया तथा आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

### चोरी की बाइक से फर्राटा भरना पड़ा महंगा, आरोपी से चोरी की दो बाइक जब्त

**कोरबा।** एक युवक दीपका कॉलोनी क्षेत्र से मोटरसाइकिल की चोरी कर मोटरसाइकिल से ही फर्राटे भर रहा था। सड़क पर जांच कर रही पुलिस की टीम ने युवक से पूछताछ की तो उसके द्वारा कोई भी संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने दीपका क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी करना कबूल कर लिया। उल्लेखनीय है कि पिछले दो दिनों से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले में बिना नंबर प्लेट के व मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर घूमने वालों के खिलाफ पुलिस सड़क पर उतरी हुई है और वाहनों की चेकिंग कर रही है। इस कड़ी में दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू भी वाहनों की जांच कर रहे थे इस बीच एक चोरी की मोटरसाइकिल पर एक युवक फर्राटे भर रहा था फिर क्या था पुलिस ने उसे धरदबोचा और उससे कड़ी पूछताछ की तो उसने दीपका क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी करना कबूल कर लिया। पकड़े गए आरोपी विजयनगर निवासी संतोष कुमार पिता स्वर्गीय कार्तिक राम जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिल जप्त करने में सफलता हासिल की है।

## मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर घूमने वालों पर 15-15 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में मोटरसाइकिल बुलेट में मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर घूमने व पटाखे की आवाज निकालना लोग अपनी शान समझते हैं और लगातार शहर में फर्राटे मारते हुए घूमते हैं। ऐसे मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर घूमने वाले बुलेट राजाओं के खिलाफ यातायात पुलिस एक्शन में आ चुकी है और अब ऐसे मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर घूमने वाले चालकों को अब मौके पर नहीं बल्कि सीधे न्यायालय पेश किया जा रहा है जिन्हें न्यायालय में सीधे 15-15 हजार रुपए का जुर्माना ठोका जा रहा है। पिछले दो दिनों में यातायात पुलिस ने कुल 6 मोडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ कार्यवाही न्यायालय में पेश किया गया था जिनके खिलाफ कुल 90 हजार रुपए जुर्माना ठोका गया है। इस कार्यवाही से बुलेट राजाओं के होश उड़ गए हैं।

**खास बात**

- पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस चला रही है विशेष अभियान

उल्लेखनीय है कि शहर में इन दिनों महंगी महंगी गाड़ी और बुलेट में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर फर्राटे मारना या फिर पटाखे लगाकर पटाखे की आवाज निकालना फैशन बन चुका है। ऐसे मॉडिफाईड साइलेंसर लगाकर घूमने वाले बाइक चालकों की लगातार संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने यातायात डीएसपी डीके सिंह को विशेष फरमान जारी किया है। जिसके बाद यातायात प्रभारी तेज प्रताप यादव, एएसआई मनोज राठौर व उनकी विशेष टीम इन दिनों शहर में मॉडिफाईड साइलेंसर लगाकर बुलेट में फर्राटे भरने वाले लोगों पर अपनी नज़रें तिरछी कर ली है। इसलिए दो दिनों के दौरान शहर में ही ऐसे बुलेट में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर घूमने वाले 6 बुलेट राजाओं के खिलाफ यातायात पुलिस ने जप्ती कर मामले की कार्रवाई की है और उसे सीधे न्यायालय में पेश किया गया है। न्यायालय ने ऐसे लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए प्रत्येक बुलेट मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर घूमने वाले बुलेट चालकों के खिलाफ 15 हजार रुपए जुर्माना की कार्यवाही की है। पिछले दो दिनों में 6 बुलेट वाहन चालकों से कुल 90 हजार रुपए समन शुल्क न्यायालय ने ठोका है जिससे बुलेट चालकों के होश उड़ गए है।



कार्रवाई करती पुलिस।



जब्त बाइक।

**अब तक 121 पर हुई कार्रवाई**

सहरवा होटल में लगातार मॉडिफाई साइलेंसर लगाने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस एक्शन मैनेजर आ रही है पुलिस से मेरी जानकारी के मुताबिक पिछले जनवरी से अब तक यातायात पुलिस ने बुलेट सहित अन्य वाहनों में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर फराटे भरने वाले कल 121 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और उनसे बहुत और सामान शुल्क के रूप में 33 लाख 200500 उधर जुर्माना वसूल किया गया है।

**बिना नंबर प्लेट के बाइक चलाने वालों पर भी गिरी गाज**

बिना नंबर प्लेट के मोटरसाइकिल व कार में घूमने को लोग फैशन मानते हैं और ऐसे ही मौके का अपराधी फायदा उठाते हैं जो बिना नंबर प्लेट की वाहनों में सवार होकर पहुंचते हैं और वारदातों को अंजाम देते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने सभी जिले के थाना और चौकी प्रभारी को फरमान जारी किया है पिछले दो दिनों से जिला पुलिस द्वारा लगातार ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है जो बिना नंबर प्लेट के मोटरसाइकिल में फर्राटे भर रहे हैं।

## मोबाइल वेटरनरी यूनिट वेन से मवेशियों का किया जा रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पशुधन विकास विभाग द्वारा संचालित मोबाईल वेटरनिरी यूनिट वेन 1962 के द्वारा लावारिश मवेशियों का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। बुधवार को ग्राम बेलाकछार में राममंदिर बालको के समीप किया गया। जिसमें गांव के गनागरिक सुखी दास महंत, रेशम साहू, श्रीकिशन पटेल भवानी साहू और वार्ड पंच अनिल मानिकपुरी उपस्थित थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780




